(112)

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

दिनांक– 22.02.2017 को प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में आयोजित परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः– संलग्न सूची के अनुसार।

सर्वप्रथम प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग–सह–अध्यक्ष, परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। पटना नगर निगम एवं बिहारशरीफ नगर निगम द्वारा विभाग को उपलब्ध कराये गये प्रस्तावों पर चर्चा के साथ बैठक प्रारंभ की गयी।

1. **पटना नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावः DAY-NULM** के **Shelter for Urban Homeless** योजनान्तर्गत तीन रैन बसेरों के जिर्णोद्धार/ सौन्दर्यीकरण इत्यादि एवं 3 रैन बसेरा के निर्माण कार्य हेतु कुल प्राक्कलित राशि **रू. 1,51,86,800/–(एक करोड़ इक्यावन लाख छियासी हजार आठ सौ)** मात्र प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध कराया गया है जिसपर बैठक में चर्चा की गयी। प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार कार्य विवरणी एवं प्राक्कलित राशि निम्नुसार हैः–

कम सं0	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि
01.	पटना नगर निगम अंतर्गत अशोक राज पथ पर कुनकुन सिंह लेन मोड़ के पास रैन बसेरा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	7,55,100.00
	सामुदायिक शौचालय का निर्माण	4,23,600.00
02.	पटना नगर निगम अंतर्गत अशोक राज पथ पर साईस कॉलेज के पास रैन बसेरा का सौन्दर्यीकरण	10,28,600.00
03.	पटना नगर निगम अंतर्गत मैक डोवेल गोलम्बर के पास रैन बसेरा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	10,28,600.00
	रैन बसेरा के कैम्पस का उन्नयन कार्य।	2,48,100.00
04.	पटना नगर निगम अंतर्गत दरियापुर में रैन बसेरा ब्लॉक ए का निर्माण कार्य।	42,25,300.00
05.	पटना नगर निगम अंतर्गत दरियापुर में रैन बसेरा ब्लॉक बी का निर्माण कार्य	27,30,000.00
06.	पटना नगर निगम अंतर्गत सैदपुर में रैन बसेरा का निर्माण कार्य।	47,47,500.00
	कुल–	**1,51,86,800.00**

2. **बिहारशरीफ नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराये गये एक अतिरिक्त SUH के निर्माण हेतु प्रस्ताव के संबंध में :–** बिहारशरीफ नगर निगम द्वारा विभागीय स्तर पर पूर्व से अनुमोदित SUH के डिजाईन, ड्राइंग एवं प्राक्कलित के आधार पर राशि **रू. 49,33,000/–** (उनचास लाख तेंतीस हजार मात्र) की स्वीकृति हेतु अनुरोध किया गया है। प्रस्ताव **Summary of DPR** प्रपत्र में उपलब्ध कराया गया है जिसकी स्वीकृति हेतु बैठक में चर्चा की गयी।

उपरोक्त दोनो प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक, HUDCO (आवास एवं शहरी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि) द्वारा ध्यान आकृष्ट कराया गया कि, आवास एवं शहरी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक– 03.08.2015 में दिये गये निदेशों के अनुसार **Shelter for Urban Homeless** योजनान्तर्गत प्राप्त प्रस्तावों को क्षेत्रीय प्रबंधक, हुडको के समीक्षा हेतु उपलब्ध कराया जाना है। चुँकि प्राप्त प्रस्ताव पर हुडको द्वारा समीक्षा नहीं की जा सकी है अतः क्षेत्रीय प्रबंधक, हुडको के द्वारा अनुरोध किया गया कि, पटना नगर निगम एवं बिहारशरीफ

नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव व **DPR** की **Summary** की समीक्षा हेतु हुडको को उपलब्ध कराया जाय एवं अगली बैठक में इसकी स्वीकृति पर विचार किये जाने का अनुरोध किया गया।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि, प्राप्त प्रस्तावों एवं **DPR Summary** की प्रति क्षेत्रीय प्रबंधक, हुडको की समीक्षा हेतु उपलब्ध करा दिया जाय एवं प्रस्तावों की त्रुटियों का निराकरण कराते हुए अगली बैठक में स्वीकृति हेतु रखा जाय।

3. बैठक में समाज कल्याण विभाग के सक्षम परियोजना के राज्य स्तरीय प्रतिनिधियों के द्वारा अवगत कराया गया कि आश्रय स्थल के समानान्तर समाज कल्याण विभाग द्वारा शहरी निराश्रित जैसे– भिक्षाटन करने वाले महिला/पुरूष एवं निराश्रित वृद्धों एवं बच्चों के लिए "बुनियाद केन्द्र" की स्थापना विभिन्न जिलों में किया जा रहा है। अतः इस योजना के साथ आश्रय स्थल योजना से Convergence हेतु नगर निकाय स्तर पर "रेफरल केन्द्र" की स्थापना करने का सुझाव सक्षम के प्रतिनिधियों के द्वारा दिया गया। जिससे जरूरतमंद लाभार्थियों को रेफरल केन्द्र के माध्यम से आश्रय स्थल व बुनियाद केन्द्रों पर दी जा रही सुविधाओं का लाभ पहुँचाया जा सकेगा। इस संबंध मे सक्षम प्रतिनिधियों को एक संक्षिप्त Concept Note तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

23/2/2017

(चैतन्य प्रसाद)
प्रधान सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक: 04/NULM-09/2014/547 न0वि0एवंआ0वि0, पटना, दिनांक 28/2/17
प्रतिलिपि: सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/2/2017

प्रधान सचिव